तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024



12 संविदा कर्मियों ने मांगी 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि



11 भोथली में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



ADMISSION OPEN

MSc (Chemistry/CS) | BCA | DCA | MCom | PGDCA | BSc Maths/CS/Bio | MSW | B.Lib | B.A | PG Diploma in YOGA | BCom

Affiliated to HYU, Durg

शैलदेवी महाविद्यालय Anda, Durg

6265377477

7880172431/2/3


**कार्रवाई :** विधायक संगीता और नपं अध्यक्ष की अपील के बाद भी नहीं थमी कार्रवाई

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 49 दुकानें धराशायी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शुक्रवार की सुबह नगर के लोग जागे भी नहीं थे कि प्रशासन का तोड़ अमला नगर के विवादित व्यावसायिक परिसर को तोड़ने पहुंच गया था। प्रशासन 49 व्यावसायिक परिसर को तोड़ने के लिए पांच जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा था। संभावित विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। नगर में जब तक यह समाचार फैला तब तक प्रशासन ने परिसर निर्माण को तोड़ना आरंभ कर दिया।

- एसडीएम के समक्ष तोड़फोड़ रोकने विनती करती रही एसडीएम

व्यापारियों ने इसकी सूचना विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू को दी। तीनों चंद मिनटों में ही पहुंच गए। विधायक संगीता सिन्हा व भैयाराम सिन्हा ने इस कार्रवाई का विरोध किया और इसे व्यापारियों के साथ धोखा बताया। प्रशासन ने बड़ी सुबह की कार्रवाई पर कानून व्यवस्था का हवाला दिया।

## वर्तमान व पूर्व विधायक और नगर पंचायत अध्यक्ष की भी नहीं चली तोड़दस्ता के सामने



### आक्रोशित महिलाएं पहुंचीं पार्षदों के घर, खूब मचाया हल्ला

**गुरूर।** नगर में आज प्रशासन द्वारा की गई तोड़ फोड़ की कार्रवाई शहर के इतिहास में पहली बार हुई है। इसके लिए प्रशासन कार्रवाई के पूर्व रात्रि में तैयारी करता रहा। नगरवासी रात में सो रहे थे और प्रशासन अपनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा था। प्रभावित व्यापारी भी इसी आशंका से रात भर नहीं सोए कि कही आधी रात में कार्रवाई न हो जाए। कार्रवाई स्थल पर गुरूर एसडीएम के साथ गुण्डरदेही एसडीएम व पुलिस विभाग के आला अधिकारी तैनात थे। बिगड़ते महौल को प्रशासन ने संभालने की पूरी तैयारी की थी, लेकिन प्रशासन व्यापारियों एवं उसके परिजनों के आक्रोश की सीमा का आंकलन करने में चूक गया। यही कारण रहा कि आक्रोशित पीड़ित परिवार की महिलाएं पार्षद कुंती सिन्हा, चिंता साहू के घर तक पहुंच गई। महिलाएं भाजपा कार्यालय तक चली गई। तब तक पुलिस प्रशासन ऐसी किसी घटना से अनजान रहा। यह सब इतना अप्रत्याशित हुआ कि प्रशासन प्रभावित के आक्रोश को शांत करने में नाकाम रहा। भाजपा कार्यालय पहुंची दर्जनों महिलाओं ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर हल्ला बोला उसके बाद पुलिस प्रशासन ने वहां सुरक्षा बल तैनात किया।

### नदारद रहे पार्षद

तोड़ फोड़ पूरे 4 घंट तक चलता रहा। नगर अध्यक्ष महिमा साहू के अतिरिक्त शेष 14 पार्षद पूरे तोड़ फोड़ के दौरान कहीं नजर नहीं आए। अध्यक्ष महिमा साहू प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध कर रही थी।

### विधायक ने जोड़े हाथ, मांगा समय

विधायक संगीता सिन्हा एसडीएम पूजा बंसल के समक्ष हाथ जोड़ने की मुद्रा में आ गई। वे बार-बार 5 दिनों का समय देने की बात करती रही। संगीता सिन्हा ने कहा व्यापारी इस परिसर में लगे सामानों को निकालेंगे जिससे उन्हें आर्थिक क्षति कम होगी, लेकिन प्रशासन समय देने से इंकार करती रहा। विधायक व व्यापारी लगातार आदेश की कापी मांग रहे थे। पूर्व में दिए नोटिस की प्रति मांग रहे थे, लेकिन नगर पंचायत की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण लंबा विवाद चला। एसडीएम नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कागजात लाने के लिए कहती रही, लेकिन कार्रवाई स्थल पर सीएमओ के अतिरिक्त कोई अन्य कर्मचारी नहीं था, जिससे कागजात लाने में लंबा समय लगा। आरोप है कि नगर पंचायत ने जो कागजत दिखाए, उस पर व्यापारियों एवं विधायक ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि उन्हें प्राकृतिक न्याय से वंचित किया जा रहा है, जिससे प्रशासन को जवाब देने में परेशानी हुई। अंत में प्रशासन ने बलपूर्वक निर्माणाधीन परिसर को अवैध बताते हुए तोड़ना प्रारंभ कर दिया। परिसर को तोड़ने लिए के लिए एक साथ पांच जेसीबी मशीन को लगा दिया। विधायक व व्यापारी एक मशीन के पास पहुंचते तो वह मशीन तोड़ना बंद कर देती, लेकिन दूसरे किनारे एवं मध्य में तोड़फोड़ आरंभ हो जाता, यह खेल लगभग आधा घंटा तक चला। इस दौरान प्रशासन ने निर्माणाधीन परिसर का बहुत हिस्सा को तोड़ दिया।

### बिलख-बिलख कर रोए व्यापारी

*नगर के बाजार चौक में स्थित यह परिसर 70–80 साल से स्थापित है। कच्चे केवलू एवं टीन टप्पर से बनी दुकानों को मजबूत सुरक्षित दुकान बनाने का सपना संजोए व्यापारियों ने अपने बीवी बच्चों के जेवरात बेचे, तो किसी ने खेत बेचा, कई ने बैंक से कर्ज लेकर इस परिसर का निर्माण कराने के लिए राशि संग्रहित किए थे, लेकिन अपने व बच्चों का भविष्य इस प्रकार जमीदोज होता देख व्यापारियों एवं उनके परिजन बिलख बिलख कर रोने लगे।*

*अपने परिवार के आधार को इस प्रकार बिलखता देख व्यापारियों के परिजन व उनके घरों की महिलाएं भी सड़क पर आ गई। महिलाओं का समूह पार्षदों के घरों तक पहुंचा। आरोप है कि इन महिलाओं ने एक महिला पार्षद के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।*

*विधायक संगीता सिन्हा ने कहा जिस स्थान पर प्रशासन ने तोड़ फोड़ की है, उस स्थान पर व्यापारियों की तीन पीढ़ी व्यवसाय कर रही है। कई दशक पुराना होने के कारण परिसर कमजोर एवं क्षतिग्रस्त हो गया था। व्यवसायियों के जान माल के नुकसान की आशंका थी, उसे देखते हुए एवं आने वाले 35 साल की बढ़ते गुरूर की परिकल्पना कर इस जर्जर भवनों का पुननिर्माण किया जा रहा था। इससे नगर की सुंदरता बढ़ती। राष्ट्रीय राजमार्ग 930 जो वर्तमान में सकरा है, वह दुगुना चौड़ा हो जाता। बाजार चौक व नगर की सुंदरता बढ़ जाती एवं इससे नगर पंचायत को प्रतिमाह दो लाख से अधिक स्थाई आय होती, जिससे नगर का विकास होता। सभी के हित एवं नगर के भविष्य को देखते हुए यह कार्य किया जा रहा था।*

*55 वर्षीय व्यापारी राजकुमार सिन्हा ने बताया उनके तीन सदस्यों का परिवार यहां की दुकान से चलाता था। दुकान के लिए बैंक से ढ़ेड़ लाख का ऋण लिए एवं अपनी आधी पुरखौती जमीन को बेच कर राशि संग्रहित की थी कि पक्का मजबूत दुकान मिलेगी। आज व्यापार पूरी तरह बंद है, मजदूरी कर जीवन यावन करते हैं।*

*तेजउ सिन्हा 65 साल ने बताया यह दुकान 6 सदस्यों वाले इनके परिवार का एकमात्र सहारा है। दुकान के लिए बैंक से दो लाख का ऋण लिया था। दुकान बंद होने से बैंक की किस्त जमा नहीं कर पा रहा हूं। अब इस ढ़लती उम्र में मजदूरी करना मजबूरी हो गई है।*

*द्रोणाचार्य सिन्हा ने बताया उनकी दुकान 10 सदस्यों वाले परिवार का सहारा थी, । दुकान के लिए 6 लाख कर ऋण लिया था। अब किस्त जमा करना भारी पड़ रहा है। जागेश्वर सिन्हा ने बताया उसने भी दुकान के लिए 1 लाख का ऋण लिया था। अब कर्ज पटाना मुश्किल हो गया है।*

## शहर के सभी अतिक्रमण को तोड़े प्रशासन



**बालोद।** शुक्रवार को सुबह करीब 5.30 बजे प्रशासन ने गुरुर नगर में कई दशकों से संचालित हो रहे दुकानों को अवैध बताकर बुलडोजर चलाकर जमीदोज कर दिया। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे प्रभावित व्यापारियों व क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा सहित पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक व पूर्व विधायक सहित कुछ अन्य व्यापारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सबसे पहले उन्हें बुलडोजर चलाने पर आभार व्यक्त करते हुए पूरे गुरुर नगर का सीमांकन कर जितने भी अवैध अतिक्रमण हुआ है, उन सभी अतिक्रमण पर भी बुलडोजर चलाने की मांग की। इस दौरान कलेक्टर ने तीन माह का समय मांगा, जिस पर विधायक संगीता सिन्हा ने एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई शुरू करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर टीम गठित कर जांच शुरू करने की बात कही।

> *आक्रोशित विधायक ने प्रशासन को सप्ताहभर का समय दिया*

### 80 सालों से संचालित हो रही थी दुकानें

व्यापारियों ने बताया कि 80 सालों से भी अधिक समय से जिस जगह पर दुकान संचालित हो रही है, वह काफी जर्जर हो चुकी थी, जहां कही भी बड़ा हादसा हो सकता था, जिसके कारण उसे नया बनाने काम शुरू किया गया। व्यापारियों ने कहा कि निर्माणाधीन काम्प्लेक्स को प्रशासन ने अचानक अवैध बताकर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरुवार को करीब लगभग 50 दुकानदार और उनके परिवार धरना दिए थे, जिसमें विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा भी शामिल हुए, उसके अगले ही दिन शुक्रवार को सुबह करीब 5.30 बजे प्रशासन ने निर्मणधीन काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चला दिया। 47 दुकानों पर बुलडोजर चलाने के दौरान विधायक और व्यापारियों का जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही। विधायक और व्यापारियों ने बुलडोजर चलने से रोकते रहें लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों व पुलिसबल की मौजूदगी में निर्मणधीन काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चला दिया गया।

**बुलडोजर चलने से भाजपाइयों में खुशी, पटाखे भी फोड़े : विधायक संगीताः** कलेक्टर से मुलाकात के बाद विधायक संगीता सिन्हा ने पत्रकारों से बात ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट से स्टे होने के कारण एक दुकान नहीं तोड़ी

**गुरुर।** व्यावसायिक परिसर विवाद मामले मे एक व्यापारी भूषणपुरी गोस्वामी कोर्ट से स्थगन मिला है। जिसके कारण प्रशासन ने तोड़ फोड़ की कार्रवाई के दौरान एक दुकान को भूषणपुरी गोस्वामी की बताते हुए उसे नहीं तोड़ा। इस दुकान आगे पीछे भी नही तोड़ा गया है। माना जा रहा हे कि इस दुकान के आगे पीछे की दुकानों को इसलिए नहीं तोड़ा गया है क्योंकि तोड़ने से भूषणपुरी की दुकान के भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका थी। पूरे मामले में व्यापारियों को स्वयं यह नहीं पता कि कौन सी दुकान किसको मिलने वाली है। भूषण पुरी गोस्वामी ने बताया कि व्यवसायिक परिसर का निर्माण चल रहा था, इसमें कौन सी दुकान मुझे मिलेगी यह मैं स्वयं नहीं जानता। ऐसे में प्रशासन ने कैसे तय कर लिया कि कौन सी दुकान मेरे नाम से आवंटित है, नहीं जानता।

### वीर मेला आयोजन समिति की बैठक आज

**गुरूर।** राजा राव पठार करेंझर सभागार में वीर मेला आयोजन समिति की बैठक 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। जिसमें वीर मेला आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारीगण, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, अधिकारी – कर्मचारी, तहसील अध्यक्ष, क्षेत्र अध्यक्ष, सर्किल अध्यक्ष, मुड़ा अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष जिला बालोद, जिला कांकेर, जिला धमतरी एवं पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। बैठक मे वीर मेला आयोजन के आय –व्यय आडिट की जानकारी, सक्रिय सदस्यता के संबंध में चर्चा, वीर मेला आयोजन समिति के पंजीयन पर चर्चा होगी। मेला स्थल में हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा व 8, 9, 10 दिसंबर 2023 के लिए निर्धारित तीनों जिला से सहयोग राशि जमा करने के संबंध में चर्चा, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा, वीर मेला आयोजन समिति को वीर मेला के लिए शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि पर चर्चा, अन्य चर्चा अध्यक्ष की अनुमति से लिया जाएगा।

### गांजा तस्करी करते बिहार के तीन युवक पकड़े गए

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि शहर के प्रवेश द्वार पर चेकिंग पाइंट लगाकर चेक किया जा रहा था।

**आक्रोशित ग्रामीण निर्माणाधीन भवन तोड़ने की मांग को लेकर जनपद पंचायत का घेराव करने पहुंचे**

# सामुदायिक भवन निर्माण से गांव में बढ़ा तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ग्राम पंचायत घोटिया के वार्ड 5 में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को तोड़ने की मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष जनपद पंचायत डोंडी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे।

इस बीच प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के चलते ग्रामीण अपने मंसूबे पर सफल नहीं हुए। पुलिस ने सड़क किनारे मुख्य गेट को ही बंद कर ग्रामीणों को अंदर जाने से रोक दिया, जिससे नाराज ग्रामीण सड़क किनारे ही धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। इसके बाद एसडीएम आरके सोनकर, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, जनपद सीईओ डीडी मंडले ने ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल के धनानु ठाकुर, एतेन्द्र कुमेटी, शालिक राम कौर, गन्नू निषाद, महेंद्र घोरेन्द्र, कांतिलाल गावड़े, यादराम नायक, मिलन ठाकुर, हीरामन घोरेंद्र के साथ जनपद सीईओ के चेंबर में चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सोमवार को गांव में दोनों पक्षों को बैठाकर मामले का निराकरण किया जाएगा। एतेन्द्र कुमेटी ने बताया कि गांव के एक अन्य पक्ष द्वारा ऊपरपारा वार्ड 5 बाजार स्थल जहां रामलीला तथा दशहरा उत्सव भी होता है पर विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो कि छत लेबल तक हो गया है, जिसे ग्रामीण तोड़वाना चाहते हैं।



उपरोक्त विषय में गांव के दूसरे पक्ष भोजकुमार साहू ने बताया कि उक्त भूमि सरकारी रिकॉर्ड में घास भूमि के नाम से दर्ज है। हम लोग नियमानुसार सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य करवा रहे है। पिछले महीने बलौदाबाजार में हुई घटना को मद्देनजर रखते हुए पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई थी।

## कुरुद कोहका की सड़क हुई बेकार

**भिलाई।** नगर पालिक निगम के अंतर्गत कुरुद कोहका में अंग्रेजी देशी शराब दुकान से निकलने वाली सड़क का हाल खराब है। इसके चलते कई लोग यहां हादसे का शिकार हो रहें है। जिसके लिए स्थानीय लोगों ने कई बार निगम को अवगत भी कराया लेकिन सड़क की व्यवस्था आज तक नहीं सुधर पाई है।बारिश का मौसम आते ही गढ्ढों में पानी भर गया है। जिसके चलते कई आने जाने वाले सायकिल सवार हादसों का शिकार हो चुके है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। एक तरफ सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं, साथ ही अब घरेलू के साथ अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले की तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

## 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।



### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।

## पंचायतों और निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने मांग

# वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

16वें केंद्रीय वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को मे-फेयर लेक रिसोर्ट, नवा रायपुर अटलनगर में परिचर्चा का आयोजन किया गया। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आयोजित परिचर्चा में पंचायत विभाग के सचिव एस. भारतीदासन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायतों को प्राप्त राशि, उनकी आवश्यकताओं और उनके वित्तीय प्रबंधन की जानकारी आयोग को दी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं को रखते हुए आयोग के समक्ष सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने पंचायतों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने केंद्र से अधिक सहायता की मांग की। नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। नगरीय निकायों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वित्तीय चुनौतियों और विकास की आवश्यकताओं पर चर्चा की तथा आयोग के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने नगरीय निकायों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और उनके वित्तीय प्रबंधन को सुधारने की मांग की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेंद्र सिंह सहित दल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग

आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी परिचर्चा की। इस बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने-अपने दलों की ओर से सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने, केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय समन्वय को सुधारने तथा विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग की।

### कांग्रेस ने दिए 21 बिंदुओं पर सुझाव

16वें वित्त आयोग की टीम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 21 बिंदुओं पर सुझाव दिया है। जीएसटी क्षतिपूर्ति, विशेष राज्य के दर्जे को लेकर सुझाव दिए गए हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग और वित्तीय संसाधनों में राज्य की हिस्सेदारी बढाने, कुपोषण एवं कृषि क्षेत्र के लिए की राहत पैकेज, नवा रायपुर में आईटी हब, होलसेल कॉरिडोर के लिए पैकेज की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासियों की 30 प्रतिशत से अधिक, अनुसूचित जाति की 12 प्रतिशत से अधिक और अन्य पिछड़ा वर्ग की बडी आबादी, आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी चुनौतियां, चूंकि नक्सली स्थिति को दुर्लभ आंतरिक क्षेत्रों में व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास से दूर किया जा सकता है। विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के तेजी से विकास के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष विधि विभाग देवा देवांगन, सीए रवि ग्वलानी उपस्थित थे।

# फुंडहर गोठान बनेगा गो अभयारण्य जोनस्तर पर होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सीएसआर मद से होगा काम, 8 एकड़ में फैला है गोठान
- निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

फुंडहर स्थित नगर निगम का गोठान अब गो अभयारण्य का स्वरूप लेगा। 8 एकड़ क्षेत्र में फैले इस गोठान को सीएसआर मद में गो अभयारण्य बनाया जायेगा। इसमें गायों को रखने पक्के शेड, हरा चारा, पानी, प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को गो अभयारण्य का प्रस्ताव बनवाने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने फुंडहर गोठान का निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए वहां हरा चारा, पानी और सफाई की व्यवस्था देखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी फुंडहर गोठान का सर्वे कर इसे गो अभयारण्य बनाने प्रस्ताव तैयार करेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा के लिए यहां गो अभयारण्य बनाने की योजना है। फुंडहर गोठान में वर्तमान में 225 गोवंश रखे गये हैं। गोठान का सर्वे कराकर उसके विस्तार के संबंध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त एके हालदार, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोकुलनगर गोठान पहुंचे निगम कमिश्नर, व्यवस्था देखी

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचकर गोमाता को गुड़ खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने गोठान में रह रहे करीब 650 मवेशियों के लिए चारा, पानी सहित परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

# महादेव सट्टा मामले में भीम, अर्जुन के बाद छोटा भाई सहदेव गिरफ्तार ईओडब्लू ने दो करोड़ फ्रीज कराए



- आरोपी को जांच एजेंसी ने पटना से गिरफ्तार किया
- सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे तीन अन्य को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से फरार चल रहे निलंबित पुलिसकर्मी सहदेव यादव को बिहार, पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आरोपी का 11 बैंक अकाउंट में जमा दो करोड़ रुपए फ्रीज भी कराया है। साथ ही सट्टे की रकम से खरीदी गई इनोवा कार पुलिस ने जब्त की है।

गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने जिसे गिरफ्तार किया है, उसके दो भाई पुलिसकर्मी भीम तथा अर्जुन को ईडी की टीम पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। महादेव सट्टा एप में नाम आने तथा अपने दो भाइयों की गिरफ्तारी के बाद से सहदेव पुलिस तथा जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया था। सहदेव पर आरोप है कि वह महादेव सट्टा बुक के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपर्क में रहकर हवाला लेनदेन में हाथ बंटाने का काम करता था। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है।

### सहदेव की निशानदेही पर तीन अन्य गिरफ्तार

बिहार में बैठकर महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित कर रहे सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार, गोपालगंज से राजा चौहान, बबलू चौहान तथा रंजन चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े महत्वपूर्ण दस्ताजेव जब्त करने के साथ ही सहदेव के साथ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# पुलिसकर्मी प्रायश्चित करने पहुंचे गुरुद्वारा, कहा- सेवा कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मारपीट के दौरान सिख ड्राइवर की पग गिरने का मामला

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व इंटरस्टेट बस टर्मिनल में जांच के दौरान चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक सिख ड्राइवर को जांच के नाम पर थाने लाकर पीटने तथा मारपीट के दौरान पग गिरने की घटना हुई थी। ड्राइवर की पग गिरने की घटना को सिख समाज ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रायश्चित करने स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचे। जहां स्टेशन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उन्हें क्षमा करते हुए गुरुद्वारा में सेवा करने अवसर प्रदान किया है।

स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा के मुताबिक, ड्राइवर के साथ हुई घटना में शामिल पुलिसकर्मी गुरुद्वारा में प्रायश्चित करने पहुंचे, तब उन्हें गुरुद्वारा के अलावा किसी अन्य धार्मिक स्थल में सेवा कार्य करने अवसर दिया गया। इसके लिए उन्हें वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में सेवा करने का ऑप्शन दिया गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। पुलिसकर्मियों के इच्छानुसार चार दिन बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा तेलीबांधा तथा तीन दिन स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने का अवसर दिया गया है। पुलिसकर्मियों ने अपनी गलती के लिए गुरुद्वारा में मत्था टेककर माफी भी मांगी।

*ये है पूरा मामला : गौरतलब है कि 8 जून को पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह राजपूत तथा दानेश्वर साहू इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चारों पुलिसकर्मियों ने एक सिख बस ड्राइवर को बस स्टैंड में देर रात तक रहने की वजह पूछी। इस पर ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह एक निजी ट्रैवल एजेंसी का बस ड्राइवर है। इस पर पुलिसकर्मी नाराज हो गए और ड्राइवर के साथ बदसलूकी की तथा मारपीट करते हुए उसकी पग निकालकर केश खींचकर पीटने लगे। इस बात का शिकायत ड्राइवर ने अपने समाज प्रमुखों से की। इसके बाद समाज के लोगों ने शिकायत एसएसपी संतोष कुमार सिंह से की। घटना के बाद टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे भी गुरुद्वारा पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा की गई गलती के लिए माफी मांगी।*

## 81 छात्र पूरक से पास, 26 फेल से पूरक

# 216 परीक्षार्थियों के अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद वृद्धि

- कई छात्रों के परिणाम में परिवर्तन, पूर्व में भी छात्र जता चुके हैं रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इन तीनों ही कक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद थोक में छात्रों के नतीजों में बदलाव हुए हैं। रविवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के मुबातिक, बीकॉम तृतीय वर्ष में 153 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है तथा 111 छात्रों के अंक घटे हैं। हालांकि नंबर घटने या बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तित ही रहे। बीकॉम तृतीय वर्ष में ही 75 छात्र पूरक से पास हो गए हैं। 26 छात्रों को फेल से पूरक तथा 9 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है।

बीसीए द्वितीय वर्ष में 44 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है और 18 छात्रों के अंक घटे हैं। 4 छात्र पूरक से पास घोषित किए गए हैं। बीसीए तृतीय वर्ष में 19 छात्रों के अंक बढ़े हैं और 7 के अंक घटे हैं। 2 को पूरक से पास घोषित किया गया है। सभी छात्रों परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### खराब रहे हैं परिणाम

इस बार रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराया गया। अर्थात प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके स्थान पर उनसे परीक्षा केंद्र में ही कॉपियां जंचवाई गई। रविवि ने इस बार सभी कक्षाओं के परिणाम जल्द तो घोषित कर दिए, लेकिन कई कक्षाओं के छात्रों ने अपने नतीजों पर रोष जताया था। अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं। ना केवल प्रथम वर्ष बल्कि द्वितीय और तृतीय वर्ष के नतीजे भी अधिक उल्लेखनीय नहीं रहे। छात्रों के अपने परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या भी अधिक रही है।




- रविवि ने घोषित किए बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम के पुनर्मूल्यांकन नतीजे
- अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं

# अवैध वसूली को लेकर ट्रक मालिक आक्रोशित फिटनेस सेंटर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वाहन फिटनेस की जांच का निजी क्षेत्र में ठेका देने के बाद ठेका कंपनी पर अवैध वसूली करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। ट्रक चालकों से वाहन फिटनेस के लिए 14 सौ रुपए शुल्क लिए जाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा फिटनेस देने के नाम पर एक हजार रुपए, जिसे बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया गया है, लेने का आरोप है। इससे नाराज होकर गुरुवार को टाटीबंध यूनियन ट्रक मालिक संघ ने परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ठेका कंपनी के मालिक को सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ थाना लेकर गई।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने वाहनों की हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच करने निजी क्षेत्र को ठेका दे दिया था। नियम के मुताबिक फिटनेस जांच का शुल्क परिवहन विभाग में जमा होता है। रसीद दिखाने पर फिटनेस सेंटर के संचालक वाहनों की फिटनेस जांच कर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट देता है। उस आधार पर परिवहन विभाग वाहन को सड़क में संचालित होने अनुमति प्रदान करता है।

### गुंडों की मदद से डेढ़ा वसूली करने का आरोप

वर्तमान में फिटनेस सेंटर का संचालन करने रोविंग आई प्राइवेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दिया गया है। फिटनेस सेंटर का संचालन किसी आशीष गर्ग के पास है। आरोप है कि जिसने फिटनेस जांच करने का ठेका लिया है, उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दे दिया है। फिटनेस जांच करने जिस दूसरे व्यक्ति ने ठेका लिया है, उस पर आरोप है कि उसने गुंडों की मदद से वाहन मालिकों को डरा धमकाकर पिछले कुछ दिनों से अवैध वसूली की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया है। वाहन मालिक इसी बात से नाराज थे।

- फिटनेस के नाम पर गुंडों की मदद से हजार की जगह डेढ़ हजार रुपए वसूली का आरोप
- अफसर बोले जांच के बाद कार्रवाई करेंगे





### जांच के बाद आयुक्त को पत्र लिखेंगे

ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरोपों की जांच करने के बाद फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने आयुक्त को पत्र लिखेंगे।

**- आशीष देवांगन,** आरटीओ रायपुर

### फिटनेस जांच कराने का यह नियम

ट्रांसपोर्ट वाहन को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद हर दो साल में फिटनेस प्रमाण निरीक्षण कराना अनिवार्य है। आठ साल से ज्यादा उम्र के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री तथा माल वाहक दोनों के लिए है। वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक पर आरोप लगाया है कि फिटनेस सेंटर संचालक वाहनों की बगैर फिटनेस जांच किए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर देता है। इससे परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### वाहनों को कई-कई दिनों तक रोके रखने का आरोप

वाहनों का फिटनेस सेंटर में ऑटोमैटिक हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच की जाती है। वाहन मालिकों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर का संचालक अतिरिक्त शुल्क लेने के बाद भी वाहनों की फिटनेस जांच करने के नाम पर वाहनों को कई-कई दिनों तक सेंटर में रोक कर रखता है। फिटनेस सेंटर के संचालक पर वाहनों का जल्द फिटनेस कराने बिचौलियों की मदद से अतिरिक्त शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है।

### उद्यान में लगाए पौधे, मूक-बधिर बच्चों को बांटे फल-बिस्किट

**रायपुर।** सामाजिक सेवा संस्था हम साथ-साथ की सदस्यों ने डीडीनगर सेक्टर- 1 में स्थित उद्यान में आम, अमरूद, जामुन, नीम एवं अशोक के पौधे लगाए। संस्था की संस्थापक-अध्यक्ष मृणालिनी मिश्रा एवं पदाधिकारी-सदस्य दिव्या शुक्ला, कणिका चौबे, निर्मला शर्मा, वैजंती चतुर्वेदी, दमयंती ठाकरे, सरस्वती चौरसिया, शोभा त्रिपाठी, विभा तिवारी, अंजु शर्मा ने मूक-बधिर स्कूल कोपलवाणी के बच्चों को फल, मिठाई, बिस्किट, मैगी नूडल्स और चॉकलेट वितरित किए।

## पेज 9 का शेष

### 80 सालों से ...

करते हुए कहा कि जब गरीबों के दुकानों पर बुलडोजर चल रहा था तो भाजपा के लोग खुशी मना रहे थे, पटाखा फोड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि जिसे अवैध बताकर तोड़ा गया वह अवैध है ही नहीं, उसका टैक्स पटाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दादागिरी है। एसडीएम के मोबाइल में किसी का कॉल आया, वो बात की और बोली ऊपर से आदेश है तोड़ना पड़ेगा। लोगों की भावना, गरीब लोग कहां जाएंगे इससे सरकार को कोई मतलब नहीं है। **बड़ी घटना को रोकने कलेक्टोरेट परिसर छावनी में बदला:** विधायक व पूर्व विधायक सहित करीब 50 व्यापारियों का कलेक्ट्रेट आने की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और पहले से हो पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम कर रखा था। पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को जैसे ही जानकारी लगी तो उनके द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था। वहीं बैरिकेट लगा दिया गया था। इसी के साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी मौके पर तैयान किया गया था।

## खबर संक्षेप

### अचौद व रजोली स्कूल में बनेंगे 10-10 लाख से टिन शेड

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम अचौद एवं ग्राम रजोली स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से प्रार्थना स्थल पर टिन शेड निर्माण के लिए दस– दस लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। पूर्व में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्कूलों में व्याप्त इन समस्याओं को लेकर स्कूलों में शेड निर्माण की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से इनकी स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने इन कार्यों की स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।



### तिलखैरी में फलदार, छायादार पौधे लगाकर, सुरक्षा के लिए लगाई लोहे की जाली



**अंडा।** समीपस्थ ग्राम तिलखैरी में नीलेश्वर साहू सेवानिवृत्त महाप्रबंधक कोल इंडिया एवं श्रीमती राजेश्वरी साहू ने तालाब पार में पीपल, बरगद, आम, नीम, अमलतास एवं जामुन के करीब 15 पेड़ लगाकर सुरक्षा जाली लगाई। सामुदायिक सहभागिता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्रामीण जनों ने स्वस्फूर्त पौधारोपण में शामिल हुए। इस बीच नीलेश्वर साहू ने उपस्थित जनसमुदाय से आव्हान किये कि पेड़ लगाना आसान है लेकिन उसकी सुरक्षा सर्वोपरि है। महाअभियान चलाकर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण करने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में एक पेड़ लगाकर उसे बचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में नोहर सिंह साहू (से.नि.प्राचार्य), तुलसीराम साहू, टेकसिंह साहू, टामन लाल साहू, चन्द्रिका प्रसाद, अगेश्वर साहू, गोकुल राम, मीना बाई ठाकुर (सरपंच ग्राम पंचायत तिलखैरी),लेवनसिंह देशमुख (पंच), किरण साहू (पंच), रामबाई निषाद (पंच), रामचरण निषाद, लीलाधर साहू, विजय निषाद, उपेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### शहर के आंबा केंद्रों किया पौधारोपण



**बालोद।** शहर के वार्ड 6 और 7 काशीबन तालाब पार में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास तथा गर्भवती महिलाओं के घरों में भी पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान महतारी वंदन योजना के हितग्राही व वार्ड पार्षद तथा आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता व सहायिका सहित कई वार्डवासी मौजूद थे। पौधारोपण के बाद जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई।

## आयोजन: 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में अधिकारियों सहित अन्य ने किया पौधारोपण

# पौधों का रोपण कर संवर्धन व संरक्षण का लें संकल्प, पानी की बचत कर विवेकपूर्ण उपयोग करने की ग्रामीणों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आव्हान पर प्रदेशव्यापी 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत बालोद जिले में सघन रूप से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय विभागों के अलावा समाज के सभी वर्गों के लोग पेड़–पौधों के महत्व को समझते हुए इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

■ कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

इसके अंतर्गत आज कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदूम में आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर पहुँचकर आम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण तथा सम्पूर्ण जीव–जगत के लिए पेड़–पौधों के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए सभी लोगों को अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने तथा पेड़–पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

**जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान में दिलाई शपथः** इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के अंतर्गत मौके पर उपस्थित महिलाओं, ग्रामीणों एवं अधिकारी–कर्मचारियों को जीवन में पानी की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी देते हुए सभी लोगों को पानी की बचत, संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सबसे साथ मिलकर जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की अपील भी की। इस दौरान मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अधिकारी–कर्मचारियों ने भी आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में पौधरोपण किया।





### बच्चों को दिया स्वच्छता किट

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें–मुन्हें बच्चों से आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। कलेक्टर ने बच्चों से उनके एवं उनके माता, पिता का नाम, प्रतिदिन उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र में दी जाने वाली भोजन, नाश्ता इत्यादि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने कुपोषण से बाहर निकलकर सामान्य श्रेणी में आने वाले दो बच्चों को स्वच्छता किट भी प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को टॉफी भेंटकर शुभकामनाएं दी। चन्द्रवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा बच्चों को बेहतर परिवेश एवं सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र के मुखबधिर बच्ची कुमारी परीधि के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके इलाज आदि के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

### कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला से चर्चा कर जाना हालचाल

आंगनबाड़ी केन्द्र में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'मोर लईका, स्वस्थ लईका' अभियान के अंतर्गत मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के चार्ट का भी अवलोकन किया। इस श्री चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोई कक्ष में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्था एवं रसोई कक्ष में रखे गए खाद्यान सामग्रियों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। इन महिलाओं से महतारी वंदन योजना एवं सामाजिक पेंशन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीण महिलाओं ने इन योजनाओं के अंतर्गत उनके खाते में प्रत्येक माह निर्धारित राशि जमा हो जाने की जानकारी दी।




## पौध लगाने व पानी बचाने बच्चों ने किया जागरूक

**बालोद।** ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र कुमार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण बचाओ अभियान में बच्चों ने एक पौधा रोपित कर संरक्षण करेंगे एवं जल की एक एक बूंद बचाने की शपथ ली। बच्चों ने गांव में तख्ती लेकर रैली निकालकर ग्रामीणों को संदेश दिया कि धरती माता करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, पेड़ लगाओ धरती बचाओ। आसपास के लोगों को भी एक पौधा रोपित करने के लिए प्रेरित करेंगे।



### भोथली में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोथली के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी केंद्र में एक पेड़ मां के नाम से लगाया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच सुरेश कुमार साहू, नेसवर सिंह मुजेवार सचिव, रोजगार सहायक दानीराम साहू, कुलेश्वर साहू पंच,भानु प्रताप वर्मा प्रधान पाठक, प्रमोद सिंह बलवर शिक्षक, चंदन साहू शिक्षक, अर्चना निषाद, गुलेश्वरी साहू, कांति बाई यादव, मीरा साहू ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच सुरेश छोटू साहू ने कहा कि कि वातावरण को शुद्ध रखना है तो जरूर पेड़ लगाएं क्योंकि पेड़ पौधे जीवित रहेंगे, तभी हम लोग भी जीवित रहेंगे। पेड़ को बड़ा करने का संकल्प लिया। सभी ग्रामीणों को कहा कि इसका देखभाल करना हमारा कर्तव्य बनता हैं

### स्कूल में हुआ पालक शिक्षक सम्मेलन

**डौंडीलोहारा।** संजयनगर में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक - शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के अध्ययनरत बच्चों के विकास हेतु योजना का निर्माण किया गया। पालकों से सुझाव लेकर और अच्छी शिक्षण व्यवस्था, भयमुक्त शिक्षा, नियमित उपस्थिति, तनाव मुक्त परीक्षा, शालात्यागी में कमी लाना, सायकल वितरण, ग्यारहवीं व बारहवीं के बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण की जानकारी दी गई । तत्पश्चात शाला में शिक्षक - पालक समिति का गठन किया गया। कक्षा नवमीं श्रीमती उषा चुरेंद्र, दसवीं चंद्रकुमार पटेल , ग्यारहवीं अ गिरिवर कुंभकार, ग्यारहवीं ब दादूराम साहू, बारहवीं अ शेख फरीद सिद्दीकी, बारहवीं स शैलेंद्री जी को अध्यक्ष चुने गए। सभी कक्षा शिक्षकों को पदेन सचिव मनोनित किए गए।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर , प्रदीप मेश्राम , दुकालुराम साहू सहित समस्त कक्षा शिक्षक व शिक्षक उपस्थित थे।

## जिले की आंगनबाड़ियों में 25 हजार पौधों का किया गया रोपण

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालोद जिले में 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत आज बालोद जिले में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित जिले में कुल 25 हजार पौधों का रोपण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने बताया कि इसके अंतर्गत आज 20 हजार मुनगा एवं 5 हजार फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया है। जिले में सघन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत जिले के आला अधिकारी–कर्मचारी, जन प्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाओं एवं जिले के आम नागरिकों द्वारा पौधरोपण कर अपनी सहभागिता निभाई। इस 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के घरों में मुनगे के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं हितग्राहियों के लिए मुनगे तथा छायादार पौधे उपलब्ध कराया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ–साथ पर्याप्त मात्र में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयास किया गया है। जिससे जलसंरक्षण में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभा सके। इसके साथ ही भारत सरकार के 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के तहत ग्राम स्तर पर ग्रामवासियों को जलसंरक्षण करने हेतु शपथ भी दिलाई गई।







# ऑनलाइन पंजीयन से बेरोजगारों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रोजगार पंजीयन का कार्य जब से ऑनलाइन शुरू हुआ है, तब से रोजगार कार्यालय के कर्मचारियों सहित युवाओं को राहत मिली है। रोजगार पंजीयन की नई व्यवस्था शुरू होते ही और आनलाइन पंजीयन की सुविधा मिलने के बाद युवा मोबाइल या कम्प्यूटर से रोजगार पंजीयन करवा रहे हैं।

इसके चलते रोजगार दफ्तर में सन्नाटा पसरा हुआ रहता है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों से गिने चुने लोग ही यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन अधिकांश लोग घर बैठे मोबाइल से या कम्प्यूटर सेंटरों में जाकर रोजगार पंजीयन करा रहे हैं। रोजगार पंजीकरण का कार्य जब से ऑनलाइन शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक जिले के 6900 से अधिक पंजीकृत आवेदकों ने अपना रोजगार पंजीयन करा चुके हैं। रिजल्ट आने के बाद भारी संख्या में युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। ये सभी पंजीयन आनलाइन हुए हैं। इससे पहले भी युवा आनलाइन पंजीयन करा चुके हैं।



दसवीं–बारहवीं का रिजल्ट आने के बाद हर साल जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मागदर्शन केंद्र में भी भीड़ लगती थी। धक्का–मुक्की करते हुए युवा रोजगार पंजीयन कराते थे। वहीं सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन भी काफी धीमी गति से होता था, जिसके कारण युवा सुबह से लेकर देर शाम तक रोजगार कार्यालय के दफ्तर में ही समय बिताने मजबूर हो जाते थे।

इस साल ऐसी स्थिति नहीं है। शासन द्वारा युवाओं को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा दी गई है। पंजीयन का पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। किसी प्रकार की हार्डकापी रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में जमा करने की जरूरत नहीं है। रिसिप्ट भी आनलाइन मिल रही है। इस सुविधा से युवाओं को काफी राहत मिली है। वे च्वाइस सेंटर या घर पर ही मोबाइल, कम्प्यूटर से ही आनलाइन रोजगार पंजीयन करवा रहे हैं।

### दूर दराज के युवाओं को झंझट से मिली मुक्ति

ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा से युवाओं को कई तरह के झंझट से मुक्ति मिली है। पंजीयन के लिए पूरे जिले से युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन केंद्र आना पड़ता था। कई बार एक दिन में काम नहीं होता था, जिसके कारण युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन केंद्र का बार बार चक्कर लगाना पड़ता था। मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेज की ओरिजनल कापी लेकर युवाओं को आना पड़ता था। कई बार ओरिजनल कापी गुम जाने से वे काफी परेशान होते थे। इस तरह की समस्याएं अक्सर सामने आती थी। लेकिन अब पंजीयन करने की विधि ऑनलाइन होने के बाद युवा अपने घर बैठे या नजदीक कम्प्यूटर सेंटर में जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

## मातृभाषा में शिक्षा, सरकार का सराहनीय कार्यः बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के महामंत्री विनय बघेल ने बताया कि अभी हाल में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में साय सरकार के द्वारा नई शिक्षा नीति लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से पांचवीं तक की प्राथमिक शिक्षा बच्चो की घर की भाषा या मातृभाषा में देने का निर्णय सरकार का सराहनीय कार्य किया है। प्राथमिक शिक्षा मे मातृभाषा होने से ना सिर्फ छात्र बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता स्तर मे भी सुधार होगा। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान मे शिक्षा का स्तर अपनी बदहाली के कगार पर है। जहाँ एक ओर सरकारी स्कूलों मे पिछली सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम का ढिंढोरा पीटा गया था, बच्चों पर जबरदस्ती अंग्रेजी भाषा का भार थोपा गया है। जिसके कारण बच्चे स्कूलों मे असहज महसूस करते है, जिसके चलते बच्चों का सीख पाना मुश्किल हो गया है।

श्री बघेल ने कहा कि आज भी छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा का अघोषित माध्यम मातृभाषा छत्तीसगढ़ी है,अब चूंकि वर्तमान सरकार के द्वारा मातृभाषा मे शिक्षा देने का ऐलान किया गया है तो बच्चे बड़ी सहजता से अपनी घर की भाषा मे पढ़ेंगे और सीखेंगे। जिससे बच्चो के सीखने की छमता में वृद्धि होगी। साथ ही बच्चे शिक्षकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव भी महसूस करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के द्वारा विविध कार्यक्रमो के माध्यम से सरकार पर लगातार दबाव बनाया गया। जिसको साय सरकार ने भलीभाँति स्वीकार किया और अगले शिक्षा सत्र से पढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही साथ यह मांग भी करती है कि मातृभाषा को पढ़ाने के लिए मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में एम ए की डिग्री लिए बेरोजगारों को पहिली प्राथमिकता के साथ आगामी शिक्षक भर्ती मे नियुक्ति दी जाए। जिससे मातृभाषा में पठन- पाठन तथा अध्यापन का कार्य सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## शैलदेवी कालेज में बीलिब, एमएससी रसायन और कम्प्यूटर साइंस की कक्षाएं प्रारंभ

**अंडा।** शैलदेवी कालेज अंडा दुर्ग में सत्र 2024-25 से नया कोर्स बीलिब, एमएससी रसायन तथा कम्प्यूटर साइंस की कक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं।

उल्लेखनीय है कि शैलदेवी महाविद्यालय दुर्ग ग्रामीण अंचल का एक नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त उत्कृष्ट महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में बी.ए, बी.कॉम, बी.एस.सी, एम.एस.सी, एम.कॉम के साथ ही बी.सी.ए, डी.सी.ए, पीजीडीसीए, एम.एस.डब्ल्यू, पीजी डिप्लोमा इन योगा, बी.लिब जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी.एड, डी.एल.एड, बी.एस.सी बी.एड. की कक्षाएं भी महाविद्यालय में संचालित होती है। महाविद्यालय में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला के साथ ही वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब है तथा खेलकूद के लिए विस्तृत मैदान के साथ ओपन जिम एवं इनडोर गेम की व्यवस्था भी है।



महाविद्यालय में सभी प्रकार के शासकीय/गैर-शासकीय छात्रवृत्ति की भी सुविधा है। दूर के विद्यार्थियों के लिए कॉलेज बस की व्यवस्था भी की गई है साथ ही महाविद्यालय परिसर में ही महिला छात्रावास तथा कैम्पस के बाहर पुरूष छात्रावास एवं कैंटीन/मेस की सुविधा भी उपलब्ध है।

शोक-संदेश



स्व.श्रीमती इन्दरोतीन बाई सिन्हा

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य सासु माँ श्रीमती इन्दरोतीन बाई सिन्हा (वर्ष-99) का स्वर्गवास दिनांक : 11-07-2024, गुरुवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे सब नतमस्तक हैं। अतः पुण्य आत्मा की शांति हेतु उक्त कार्यक्रम में सहपरिवार पधारकर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।

कार्यक्रम
तीजनहावन एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम :
दिनांक : 13-07-2024, दिन-शनिवार
कार्यक्रम स्थल : ग्राम कन्हारपुरी (गुरूर)
संबंधित प्रतिष्ठान :-
दीपक ट्रेडर्स कन्हारपुरी, मो. 9098746588

शोकाकुल :-
सीताराम, रामलाल, रामकुमार, चतुर, दयाराम, धनेश, कोमेश्वर, ईश्वर, प्रकाश, गिरवेन्द्र, रिंकू दीपक, एवं समस्त सिन्हा परिवार।

-: विनीत :-
श्रीमती रामबाई सिन्हा (बहू)
भेदराम सिन्हा (नाती)
श्रीमती पूर्णिमा सिन्हा (नाती बहू)

नोट : जिन लोगों को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

**खबर संक्षेप**



### पेंड्री स्कूल में बाल कैबिनेट व इको क्लब का गठन

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री में बाल कैबिनेट व इको क्लब का गठन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री तनुजा साहू, उप प्रधानमंत्री यशकुमार, स्वास्थ्य मंत्री पूनम साहू, शिक्षा मंत्री तरुणा साहू, पर्यावरण मंत्री कनीश कुमार, खाद्य मंत्री भाग्यश्री, अनुशासन मंत्री हिना, सांस्कृतिक मंत्री कुमकुम, खेल मंत्री उमेश कुमार, स्वच्छता मंत्री सोमेंद्र कुमार चुने गए। साथ ही कक्षा प्रतिनिधि कक्षा नायक, उपकक्षा नायक चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर प्रधान पाठक एमएल साहू ने स्वागत किया। इस दौरान आरके साहू, गुनेंद्र कुमार साहू, यशुमति साहू, प्रीति सोनवानी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला कलंगपुर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्रधान पाठकों व शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत कर मुंह मीठा कराया। शिक्षक पोषेन्द्र देवांगन ने अपने जन्म दिन के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान बच्चों को न्योता भोज में केला व लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर टीएल ठाकुर, आईएल साहू, रानी चौरसिया, पुरानिक निषाद सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### युवक ने बगीचे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** जिले के ग्राम जामगाँव बी में सुबह एक युवक ने आम के पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। जिसके कारण दो मासूम बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया है। मिली जानकारी के अनुसार जामगाँव बी निवासी पुनीत राम साहू उम्र लगभग 33 वर्ष सुबह अपने घर से निकला है और गाँव से लगे आम बगीचा के पास आम के पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसके बाद राहगीरों की भीड़ व ग्रामीणों की भीड़ लाश को देखने जुट गईं। और कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गईं। मौके में पहुंच पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गईं है।

**बीमारी से था परेशान:** ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुनीत राम साहू कई महीनों से कमर दर्द की समस्या से जूझ रहा था, जिसका इलाज कराने के लिए डॉक्टर के पास जाकर थक चुका था। घर में दो मासूम बच्चो के सर से पिता का साया उठने से घटना के बाद से ग्रामीणों में शोक की लहर व्याप्त है।

### व्यावसायी भुगत रहे सेक्टर 6 मार्केट की उपेक्षा का खामियाजा

**भिलाई।** टाउनशिप में सेक्टर 6 के दूसरे सबसे बड़े बाजार सी मार्केट में उपेक्षा का खामियाजा सैकड़ों व्यवसायियों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश ने बाजार की समस्याओं के साथ परेशानी भी बढ़ा दी है। मामले में प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। पचास साल पुराने ई मार्केट में व्याप्त समस्याओं के चलते व्यसायियों के साथ आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां गंदगी, स्ट्रीट लाइट, गंदे नाले और प्रसाधन की समस्या बनी हुई है। बाजार में सभी सड़कों में जगह जगह कचरे से गंदगी व बदबू का मौहाल है। सबसे ज्यादा अस्वच्छता खोमचे लाइन और मटन मार्केट सड़क में है। चौपाटी की तरह चाट गुपचुच ठेलों में के आसपास डिस्पोजल प्लेटें, ग्लास पाउट आदि पड़े रहते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि नियमित सफाई नही होने से आवाजाही में परेशानी के साथ बदूब भी फैल रही है।

**गड़बड़झाला : मुख्यमंत्री जतन योजना से लगभग 7.19 करोड़ व डीएमएफ से 10 करोड़ हुए खर्च**

# करोड़ों से स्कूलों में हुए कार्य अधूरे व गुणवत्ताहीन, छात्र छात्राएं अब भी भवनों में जान जोखिम में डाल गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

डौंडी विकासखंड के ग्रामीण अंचलों के शासकीय शालाओं में पूर्ववती सरकार के कार्यकाल में शाला भवनों के जीर्णोद्धार ,अतिरिक्त कुछ निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्रशासकीय स्वीकृति राशि लगभग 7.19 करोड़ रुपयों तथा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से शालाओं में प्रशासकीय स्वीकृति राशि लगभग 10 करोड़ रुपयों की राशि से हुए निर्माण कार्यों के गुणवत्ता ,अपूर्ण कार्यों पर सवालिया निशान लग रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों में हुए कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए कलेक्टरों को योजना में हुए कार्यों की जांच के आदेश दिए थे। प्रदेश के टूटे-फूटे स्कूलों की मरम्मत के लिए पिछली सरकार में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की शुरुआत की गई थी। इन सबके बीच करोड़ों से स्कूलों में हुए कार्य अधूरे व गुणवत्ताहीन भवनों में छात्र- छात्राएं जान जोखिम में डाल भविष्य गढ़ने में जुट गए हैं।

बालोद जिले के आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत संचालित शाला भवनों में जीर्णोधार , भवन मरम्मत, छत मरम्मत, अतिरिक्त कछ निर्माण ,शौचालय मरम्मत , बाउंड्रीवाल निर्माण ,नवीन शौचालय निर्माण, किचनशेड निर्माण जैसे अनेक कार्य लगभग 7.19 करोड़ रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इन कार्यों को क्रियान्वयन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं लोक निर्माण विभाग में बांट दिया गया था। दोनों विभाग ने ठेकेदारों द्वारा कार्य को पूर्ण कराने आवंटन करते हुए कार्यादेश जारी कर दिया गया था। विभागवार दिए गए कार्यों की गुणवत्तायुक्त, शासकीय मापदंड के अनुरूप कार्य कराने की जवाबदारी विभागीय अधिकारियों की थी।

**मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को जांच के दिए हैं निर्देश**





#### जानकारी लेंगेः जनपद उपाध्यक्ष

पुनित सेन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ने बताया की अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने उक्त कार्यों के गुणवत्ता को लेकर शिकायत आने लगी थी। जनपद पंचायत डोंडी के सामान्य सभा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत हो रहे कार्यों का ग्राम पंचायत के सरपंच,शाला के प्रधानपाठक तथा शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र लेने के बाद ही निर्माण एजेंसी को अंतिम किस्त की राशि जारी किए जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया था। उस प्रस्ताव पर कितना अमल हुआ है उसकी तथा विभागवार निर्माण कार्यों की जानकारी लेने की बात कही। साथ ही कुछ शालाओं में कार्य चालू ना करने या अपूर्ण होने की जानकारी मिली है।



#### जांच में आएंगे चौंकने वाले परिणामः अनिल

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने डोंडी विकासखंड के ग्रामीण अंचलों के शाला भवनों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तथा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जीर्णोद्धार भवन मरम्मत, छत मरम्मत , अतिरिक्त कछ निर्माण ,शौचालय मरम्मत , बाउंड्रीवाल निर्माण ,नवीन शौचालय निर्माण ,जैसे अन्य निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की जाए तो घोटालों के चौंकाने वाले परिणाम सामने आएंगे।

#### जिनकी जरुरत नहीं वो कार्य भी हुए

विकासखंड के कई स्कूलों में मरम्मत के कार्य करवाए गए हैं। वहां ऐसे कार्य कर दिए गए है जिसकी जरूरत स्कूल में नहीं थी। जिस कार्य के लिए राशि जारी की गई थी वो न होकर अन्य कर दिए गए। कुछ स्कूल जहां छत मरम्मत योग्य था, वहां टाइल्स लगवाए गए हैं। जहाँ फर्श बैठने योग्य नहीं, वहां रंग रोगन का कार्य किया गया है। इस तरह की लापरवाही भी की गई है जिससे स्कूल यथावत जर्जर पड़े हुए है। शासकीय प्राथमिक शाला नर्राटोला में शौचालय का कार्य स्वीकृत हुआ था किंतु आज पर्यंत तक कार्य प्रारंभ नहीं है। शासकीय माध्यमिक शाला लिमउडीह में शाला मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं। प्राथमिक शाला कोंडेकसा में छत मरम्मत कार्य में पुराने छत को तोड़ने के बाद कार्य बंद ,पूर्व माध्यमिक शाला पुतरवाही में मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं। पूर्व माध्यमिक शाला करियाटोला में मरम्मत कार्य अपूर्ण सहित अनेक स्कूलों में अपूर्ण तथा गुणवत्ताहीन कार्य होने की जानकारी सामने आ रही है।

## संविदा कर्मियों ने मांगी 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के आह्वान पर बालोद जिला के स्वास्थ्य विभाग संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व

- नियमितीकरण सहित 18 बिंदुओं पर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा

संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग को लेकर कार्यालय कलेक्टर बालोद में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार मांग पत्र मंत्री एवं विधायक से कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष



जुलाई के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी, जिसमें 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है, जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

उक्त संबंध में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं, उसके बाद भी किसी भी प्रकार से निराकरण नहीं किया गया है। इस कारण संविदा स्वास्थ्य एनएचएम कर्मचारियों में लगातार रोष व्याप्त होते जा रहा है। उक्त मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा।

इस अवसर पर खिलेश कुमार साहू, दिनेश चंद्र खर्कवार, योगेश साहू, देवेंद्र कुमार सिन्हा, विनोद कुमार साहू, हेमंत जाचक, भूपेश कुमार देवांगन, यजेंद्र जामुनकर, नेमीचंद निषाद सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश, लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों निरीक्षण कर नमूने लिए हैं। खाद्य

- जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया
- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार कर रहा निरीक्षण

सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य संस्थानों के संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की जानकारी दी गई।

अफसरों ने बताया कि संचालकों को खाद्य परिसरों में खाद्य पंजीयन, अनुज्ञप्ति बनाने के निर्देश दिए गए तथा बरसात के मौसम के देखते हुए विशेष रूप से





हॉटल, रेस्टारेंट, ढाबों, चौपाटियों आदि परिसरों को साफ–सफाई रखने, खाद्य पदार्थों को ढंककर रखने, बासी खाना न परोसने तथा हॉटल, रेस्टारेंट, ढाबों, में उपयोग किये जाने वाले पानी का समय–समय पर जाँच परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी, नमक, शक्कर, खोवा बरफी, मिनी पेड़ा, बिस्कुट, मूंग बड़ा, आलू गुण्ड़ा, समोसा, दूध, उड़द दाल आदि का नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत खाद्य पदार्थों में मिलावट, पैकेजिंग एवं लेबलिंग के संबंध में चलित प्रयोगशाला वाहन द्वारा प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न गाँवों और शहरों में आम नागरिकों एवं खाद्य संस्थानों के संचालकों को भी जागरूक किया जा रहा है।

### जिला स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन



**बालोद।** जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग के लिए विकासखंड स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिम बालोद में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालोद ब्लाक के लगभग 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 15 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग खेल के लिए हुआ। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला वेटलिफ्टिंग सचिव नरेंद्र कुमार साहू, कोच मुनेंद्र कुमार साहू, व्यायाम शिक्षक छबि लाल जांगडे, चंदरानी साहू, खुमान साहू, वामन कुमार साहू, गिरीश ठाकुर, सूर्यकांत सिन्हा एवं जिम के खिलाड़ी भूमिका ढीमर सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

### छात्राओं को मिली साइकिलें, खिले चेहरे...




**डौडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर के शासकीय हाईस्कूल में सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। नौवीं कक्षा की 19 छात्राओं को साइकिल का लाभ मिला। अतिथियों ने योजना से प्राप्त साइकिल का उपयोग सकारात्मक रूप से करने और पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कैरियर की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वीरेंद्र अजनबी, तोमन लटिया उपसरपंच, एन.आर. गंगबेर ,प्रेमलाल गायकवाड़ और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण के अलावा हाईस्कूल के स्टाफ वाईपीआर्य ,प्रीति साहू ,आर.के .यादव आदि उपस्थित थे।

### कौशल्याधाम की दूसरी मंजिल का लोकार्णण होगा 21 को



**डौंडीलोहारा ।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत श्री राम बालक दास महत्यागी ने 4 दिन के कवर्धा जिला के प्रवास के अंतर्गत आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि वैसे तो विश्व में भगवान राम के लाखों मंदिर हैं, पर भगवान राम को जन्म देने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी मां कौशल्या का एक भी विशाल तीर्थ नहीं है। छत्तीसगढ़ को विश्व के नक्शे में तीर्थ के रूप में स्थापित करने के लिए विगत 15 वर्षों से बालोद जिला के श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम में विशाल कौशल्या धाम का निर्माण चल रहा है। इस तीन मंजिलें भव्य मंदिर में एक बार में 10000 लोग प्रवेश कर सकेंगे। इस तीर्थ के दूसरे मंजिल के लोकार्पण के लिए 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा को पाटेश्वर धाम में भव्य महोत्सव की तैयारी हो रही है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु, संत गण एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी सपत्नीक आ रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्य यजमान के रूप में पूजा में उपस्थित रहेंगे संत श्री ने समस्त प्रदेशवासियों को एवं देशवासियों को मां कौशल्या धाम श्री पाटेश्वर आश्रम आने की अपील की है।

#### विश्व में मां कौशल्या की प्रथम मूर्ति होगी

108 फीट ऊंचा , 136 फीट लंबा और 65 फीट चौड़ाई का यह कोशल्याधाम आगामी 2026 में बनकर तैयार होगा। गोद में रामलला को लेकर छत्तीसगढ़ की बेटी राजरानी मां कौशल्या विराजमान होगी। यह विश्व की प्रथम कौशल्या की मूर्ति होगी।

**निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश, बनेगी जैविक खाद**

# फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर शत प्रतिशत गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उप अभियंता एवं समन्वयक ने बताया कि प्लांट के माध्यम से मल का प्रबंधन और उपचार किया जाएगा। फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में नजदीक



के 25 ग्राम पंचायतों में निर्मित सेप्टिक टैंक के मल को वाहन के माध्यम से प्लांट में उपचार कर जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने प्लांट निर्माण की गति में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने कहा कि गंदगी को गांवों से भगाकर बीमारी दूर करना है जो कि स्वच्छता से ही संभव है, वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। गांवों को स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है, अस्वच्छता के कारण जलजनित बीमारियों फैलती है।

#### डा. कलाम भी पहुंचे

इसके अलावा डॉ. कन्नौजे ने ग्राम सांकरा क में 12 एकड़ में मनरेगा योजना अंतर्गत पौधारोपण डॉ. अब्दुल कलाम वाटिका का निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत वाटिका में आम, नीबू, करोन्दा, अमरूद के फल लगाया गया है। डॉ. कन्नौजे ने कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को वाटिका में कटहल, मूंगा, केला, जामून एवं अन्य फलदार वृक्ष लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान ग्राम बरही में केटल फिडिंग यूनिट का निरिक्षण किया। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत आकाश सोनी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है